### एक नजर में

## आज इन क्षेत्रों में रहेगी बिजली गुल

**गुना।** आवश्यक संधारण (मेंटनेंस) एवं निर्माण कार्यों के चलते गुरुवार, 4 जून 2026 को शहर के विभिन्न इलाकों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। शेड्यूल के मुताबिक, 11 केवी हड्डी मील सब स्टेशन पर मेंटनेंस कार्य के कारण सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक श्रीराम कॉलोनी, रसीद कॉलोनी, बांसखेड़ी, रेलवे फाटक तक, मालपुर रोड, साईं सिटी कॉलोनी, संस्कार सिटी क्षेत्र, विद्यार्थी नगर, विंध्याचल कॉलोनी, राज कॉलोनी, बी.जी. रोड, आदर्श नगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णी कॉलोनी और भुल्लनपुरा क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। इसके अतिरिक्त, पुराना औद्योगिक क्षेत्र में नवीन सब स्टेशन के निर्माण कार्य के चलते सुबह 08:30 बजे से 10:30 बजे तक पुराना औद्योगिक क्षेत्र, विंध्याचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेड़ापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तूरबा नगर, पोरवाल कॉलोनी एवं मारुति शोरूम के सामने वाले क्षेत्रों में विद्युत कटौती की जाएगी।

## खाद्य संस्थानों से लिए प्रशासन ने सेंपल

**गुना।** जिले में मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रशासन का सख्त अभियान लगातार जारी है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं अभिहित अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की टीम ने बुधवार को विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों पर औचक जांच और सैंपलिंग की कार्रवाई की। टीम ने मंदिर गली, जयस्तंभ चौराहा स्थित प्रसिद्ध ग्वाल रेस्टोरेंट का सघन निरीक्षण किया। ग्वाल रेस्टोरेंट परिसर में साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों के रख-रखाव में भारी कमियां पाई गईं।

# कुंभराज में रंगदारी पर सियासी घमासान के बीच पुलिस का बड़ा एक्शन

## बैंगलोर भागने की फिराक में थे 4 आरोपी, भोपाल स्टेशन से दबोचे

नवभारत न्यूज

**गुना/कुंभराज 3 जून का। कुंभराज में रंगदारी दिखाकर जानलेवा हमले और तोड़फोड़ के मामले ने अब न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि सियासी तौर पर भी तूल पकड़ लिया है। इस गंभीर घटनाक्रम के बाद जहां एक ओर कुंभराज का बाजार बंद रहा और पूर्व विधायकों ने पुलिस प्रशासन को कटघरे में खड़ा किया, वहीं दूसरी ओर बढ़ते दबाव के बीच गुना पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मामले में फरार चल रहे चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी भोपाल रेलवे स्टेशन पर बैंगलोर भागने की फिराक में ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।**

इस आपराधिक घटनाक्रम ने कुंभराज में उस समय बड़ा राजनीतिक मोड़ ले लिया जब मंगलवार को विरोध स्वरूप स्थानीय दुकानें पूरी तरह बंद हो गईं। कानून व्यवस्था ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता भी मैदान में उतर आए। पूर्व विधायक ममता मीना ने मौके पर पहुंचकर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कुंभराज और चांचौड़ा क्षेत्र में इस समय 'देवर राज' चल रहा है, जिससे अपराधी बेखौफ हैं और आम जनता डरी हुई है। वहीं, पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगाते हुए आरोप लगाया कि इतने बड़े घटनाक्रम में स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। उन्होंने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्षता के लिए स्थानीय पुलिस के बजाय बाहर की पुलिस टीम से जांच कराई जानी चाहिए।



**बैंगलोर भागने की फिराक में थे आरोपी, भोपाल में घेराबंदी**

राजनीतिक और सामाजिक दबाव के बीच पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में पुलिस की विशेष टीम ने दबिश तेज की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के अगले ही दिन 30 मई को एक आरोपी आदित्य उर्फ अद्दू अहिरवार को पहले ही जेल भेज दिया था। इसके बाद मुखबिर और साइबर सेल की मदद से 2 जून को एक और आरोपी विवेक पुत्र जगमोहन खटीक (19) निवासी खटीक मोहल्ला कुंभराज को गिरफ्तार किया गया। वहीं 3 जून की सुबह पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि शेष तीन आरोपी भोपाल रेलवे स्टेशन पर हैं और बैंगलोर भागने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। कुंभराज थाना प्रभारी पंकज त्यागी, मृगवास थाना प्रभारी संदीप यादव और सानई चौकी प्रभारी नीरज लोधी की संयुक्त टीम ने तत्काल भोपाल पहुंचकर स्टेशन पर घेराबंदी की और तीनों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सोहेल खान पुत्र सहराज खान



(23), निवासी नानाखेड़ी केंट गुना, अरुण उर्फ अंटया पुत्र रामस्वरूप अहिरवार (25), साहू मोहल्ला कुंभराज, शिवम पुत्र कमलेश साहू (26), कुंभराज शामिल हैं। पकड़े गए सभी चार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### यह था पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि 29 मई 2026 की रात ग्राम उमरया निवासी रोहित मीना (21) अपने ममेरे भाई महेंद्र मीना के साथ ट्रैक्टर से लौट रहा था। कुंभराज के साहू मोहल्ला में आरोपियों ने ट्रैक्टर रोककर खुद को इलाके का गुंडा बताते हुए अवैध रुपयों (रंगदारी) की मांग की। विरोध करने पर लोहे की रॉड और लुहांगी से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपियों के अन्य साथियों ने लाठियों से ट्रैक्टर में भी जमकर तोड़फोड़ की थी। पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। गुना पुलिस ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में गुंडागर्दी और रंगदारी करने वाले असामाजिक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति के तहत कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी। इस सफल कार्रवाई में साइबर सेल के कुलदीप भदौरिया सहित पुलिस टीम के कई आरक्षकों की सराहनीय भूमिका रही।



## जीआरपी को स्टेशन पर मिला रोता हुआ मासूम, परिजनों से मिलाया

**गुना।** गुना जीआरपी ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत मानवीय संवेदनाओं की एक अनूठी मिसाल पेश की है। पुलिस की सजगता और ममतामयी व्यवहार के चलते उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से भटका हुआ एक मासूम बच्चा सकुशल अपने परिवार से मिल सका। बालक के माता-पिता लाचार हैं; उसकी मां नेत्रहीन हैं और पिता चलने-फिरने में पूरी तरह असमर्थ हैं। यह मामला 30 मई का है, जब वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत जीआरपी थाना प्रभारी श्रीपाल भदौरिया और उनका स्टाफ प्लेटफॉर्म चेकिंग पर था। इसी दौरान उन्हें एक बालक अकेला बैठकर रोता हुआ दिखाई दिया। पुलिस टीम उसे थाने लेकर आई, लेकिन शुरूआती पूछताछ में उसकी भाषा समझ नहीं आने के कारण घर का पता लगाना मुश्किल हो रहा था। थाने में मौजूद महिला आरक्षक पायल पालीवाल ने बालक को दुलारते हुए आत्मीयता से बातचीत की, तो सहमे हुए बच्चे का डर दूर हुआ। उसने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के कुशीनगर क्षेत्र का रहने वाला है। इसके बाद गुना जीआरपी ने तुरंत यूपी पुलिस से संपर्क साधा और कड़ियां जोड़ते हुए पता लगाया कि बालक कुशीनगर जिले के ग्राम जंगल पट्टी का रहने वाला है। जब बालक के माता-पिता का पता चला, तो सामने आया कि वे अपनी शारीरिक असमर्थता के कारण गुना आने की स्थिति में नहीं थे। ऐसे में ग्राम प्रधान के सहयोग से बच्चे के पड़ोसियों को गुना भेजा गया। पड़ोसियों के गुना पहुंचने तक बालक को पूरी सुरक्षा के साथ स्थानीय माँ स्वरूपा आश्रम में रखा गया था।

## दीपक स्पिनर्स लिमिटेड गुना में पर्यावरण सप्ताह का आयोजन



नवभारत न्यूज

**गुना।** दीपक स्पिनर्स लिमिटेड, पगारा (गुना) में पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए पर्यावरण सप्ताह का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय समुदाय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सतत विकास की भावना को प्रोत्साहित करना था। इस विशेष अवसर पर मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक डी. एस. यादव एवं गुलनराव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दीपक स्पिनर्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारीगण, जिनमें उपाध्यक्ष वाई. के. सिंह, राजीव शर्मा, टी. एन. माथुर, धर्मेंद्र पटेल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल थे। पर्यावरण सप्ताह के अंतर्गत औद्योगिक संयंत्र परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां अतिथियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर हरित वातावरण को बढ़ावा देने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा सतत विकास के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## रात्रि चौपाल से कलेक्टर ने दिया आत्मनिर्भर गांव और प्राकृतिक खेती का मंत्र

**गुना।** गांवों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राकृतिक खेती, स्वरोजगार और आधुनिक तकनीक को अपनाना बेहद जरूरी है। इसी संदेश के साथ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बुधवार रात कुंभराज क्षेत्र के ग्राम बड़ौद में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम की शुरूआत बेहद आत्मीय वातावरण में हुई। ग्रामीणों ने गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर तथा परंपरागत साफा बांधकर कलेक्टर का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों की जुबान पर एक ही स्वर गूंजता रहा— ह्लगुलाब गुनिया देखेगी सारी दुनिया ह्व इस भव्य स्वागत से अभिभूत कलेक्टर ने कहा कि गुना जिला आज विकास के नए आयाम गढ़ रहा है और इसमें गांवों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है। किसानों से चर्चा करते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने




कहा कि खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़ कोई नई अवधारणा नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध ग्रामीण परंपरा का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा कि पहले खेतों की मेड़ों पर बड़े-बड़े वृक्ष होते थे, जो पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और अतिरिक्त आय का माध्यम बनते थे। उन्होंने किसानों से नीम, पीपल, बरगद, आम सहित अन्य फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाने का आग्रह करते हुए कृषि और पर्यावरण के संतुलन पर विशेष जोर दिया।

**प्राकृतिक खेती को बताया स्वस्थ भविष्य की राह**

किसानों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरता को नष्ट करने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य को भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे ऐसी खेती करें जिसका उत्पादन पूरी तरह सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक हो। उन्होंने रसायनों के उपयोग को कम कर प्राकृतिक और जैविक विकल्पों को अपनाने की आवश्यकता बताई।

**युवाओं को दिया गांव में रहकर आत्मनिर्भर बनने का मंत्र**

चौपाल में बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं से संवाद करते हुए कलेक्टर ने कहा कि रोजगार के लिए केवल शहरों की ओर पलायन ही एकमात्र विकल्प नहीं है। चौपाल के दौरान उन्होंने आईटीआई, कौशल विकास प्रशिक्षण और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से गांवों में ही रोजगार एवं स्वरोजगार की संभावनाओं को रेखांकित किया। इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयरिंग, मोटर रिपेयरिंग, ड्रोन संचालन, सोलर तकनीक तथा हॉर्टिकल्चर जैसे क्षेत्रों को भविष्य के अवसर बताते हुए उन्होंने युवाओं को कौशल आधारित रोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## शासकीय कर्मचारी घोषित करने और ग्रीष्मकालीन अवकाश की मांग

**गुना।** भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले मध्यप्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया है। गुना सहित पूरे प्रदेश भर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने अपनी आवाज बुलंद करते हुए एक विशाल रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ ने सरकार पर वादाखिलाफी और अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार 'बहनों' की जायज मांगों पर कोई सुनवाई नहीं कर रही है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सबसे प्रमुख मांग मानदेय व्यवस्था को समाप्त करने की है। उन्होंने पुरजोर शब्दों में मांग की है कि आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को संविदा या मानदेय के जाल से बाहर निकालकर पूर्ण रूप से शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए और उसी के अनुरूप सभी सरकारी लाभ व वेतनमान दिए जाएं। आंदोलन के दौरान कार्यकताओं ने स्कूलों की तर्ज पर ग्रीष्मकालीन अवकाश न मिलने को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया। संघ ने सरकार से अनुरोध किया है कि जिस तरह भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूली बच्चों को 1 जून से 15 जून तक का अवकाश दिया गया है, ठीक उसी तरह आंगनवाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को भी ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ मिलना चाहिए।



कार्यकर्ताओं का कहना है कि अत्यधिक तापमान और लू के थपेड़ों के बीच भी उनसे लगातार काम लिया जा रहा है, जो व्यावहारिक नहीं है। इनमें से अधिकांश मांगें बरसों पुरानी हैं, जिन्हें लेकर वे लंबे समय से चरणबद्ध तरीके से संघर्ष कर रही हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार की ओर से अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर निर्णय नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन और उग्र रूप धारण करेगा।

## घोषणाओं के बाद भी नहीं बढ़ा आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय

**गुना।** सीटू से संबद्ध आशा-ऊषा-आशा पर्यवेक्षक एकता यूनियन ने प्रदेश व्यापी आह्वान के तहत गुना में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय मिशन संचालक के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल लोक-लुभावनी घोषणाएं कर देती है, लेकिन धरातल पर उन्हें पूरा करने में हमेशा पीछे हट जाती है।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**गुना।** जिले के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी अपनी नियमितीकरण सहित 8 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। आंदोलन के दूसरे दिन, 3 जून 2026 को संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, जिला कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कर्मचारियों ने एक अनोखा विरोध प्रदर्शन करते हुए 'प्यासो प्याऊ' लगाई और आमजन को पानी पिलाकर सरकार को संदेश दिया कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो आगामी चुनाव में वे सरकार को पानी पिला देंगे। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश भार्गव ने बताया कि संविदा कर्मी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते आ रहे हैं, लेकिन अब तक उनका



निराकरण नहीं हो पाया है। उन्होंने याद दिलाया कि 30 जनवरी 2025 को भोपाल के दशहरा मैदान में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव ने नियमितीकरण की घोषणा की थी। कर्मचारी मांग कर रहे हैं कि वर्ष 2023 की नीति के तहत एनपीएस, स्वास्थ्य बीमा, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता, पीबीआई का समायोजन, वेतन विसंगति को दूर करना, नियमित कर्मचारियों की तरह अवकाश की पात्रता, समान कार्य-समान वेतन लागू किया जाए और सार्थक ऐप की बाध्यता को तत्काल समाप्त किया जाए। संविदा कर्मचारियों की इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण गुना जिले के सभी विकासखंडों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्रों तक कामकाज ठप होने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**अगवानी** 13 साल बाद गुना में मुनि पुंगव सुधासागर जी महाराज का मंगल प्रवेश, हुआ भव्य स्वागत

# गुना में जमकर मना मुनिश्री के आगमन का उत्सव



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर के इतिहास में बुधवार का दिन एक सुनहरे अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। जैन समाज के आराध्य मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने पूरे 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर गुना की धरा पर मंगल प्रवेश किया है। महाराजश्री की अगवानी के लिए पूरा शहर दुल्हन की तरह सजाया गया था और सुबह से ही श्रद्धालुओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया।**

बुधवार की सुबह जैसे ही सूरज की किरणों ने शहर में दस्तक दी, वैसे ही महाराजश्री की अगवानी का शंखनाद हो गया। जैसे-जैसे मुनिश्री गुना शहर की सीमा में प्रवेश करते गए, श्रद्धालुओं की खुशी और श्रद्धा का ठिकाना नहीं रहा। ढोल-नगाड़ों की थाप, गगनभेदी जयकारों और भजनों की धुन पर झूमते-नाचते भक्तों का हुजूम महाराजश्री के साथ चल रहा था। मुनिश्री की इस भव्य अगवानी में जैन समाज के देश-प्रदेश से आए श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, राजनेताओं और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने हिस्सा लिया। कैंट से विहार शुरू कर महाराजश्री हीरा बाग, हनुमान चौराहा, तेलघानी चौराहा, हाट रोड, निचला बाजार, सदर बाजार और जयस्तंभ चौराहा होते हुए बजरंगगढ़ रोड स्थित नसियाजी पहुंचे। हनुमान चौराहे पर उत्साह का माहौल तब और खास हो गया जब तीन जेसीबी मशीनों से महाराजश्री पर भव्य पुष्पवर्षा की गई। मुनिश्री की एक झलक पाने के लिए हर कोई आतुर नजर आया। सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम पूरे मार्ग पर मुस्तैद रही। यह मंगल प्रवेश केवल एक समाज तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने शहर में कौमी एकता की एक खूबसूरत मिसाल भी पेश की। चांदशाहवली कमेटी के सदस्यों ने पूरे आदर और उत्साह के साथ मुनि श्री सुधासागर जी महाराज का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया। बता दें कि गुना में आगामी 17 जून से 22 जून तक पांच जिनालयों के श्री 1008 मज्जिनेंद्र जिनविम्ब पंचकल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है।

## नपाध्यक्ष ने चरण पखारकर लिया मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का आशीर्वाद



**गुना।** नगर में पधारे जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज की शुक्रवार को भव्य अगवानी की गई। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता एवं पार्षदों के साथ नगरपालिका कार्यालय के सामने मुनिश्री के चरण पखारकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष सविता गुप्ता ने मुनिश्री से समाज की उन्नति, महिलाओं के सशक्तिकरण, नगर के समग्र विकास एवं जनकल्याण के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि संतों का सानिध्य समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है और लोगों में नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करता है। मुनि पुंगव श्री सुधासागर महाराज के दिव्य आशीर्वाद से उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। नगरवासियों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर मुनिश्री के दर्शन किए तथा उनके मंगल आशीर्वचन का लाभ प्राप्त किया।


## कार्यालय नगर परिषद् मधुसूदनगढ़, जिला गुना म.प्र.

क्र./ न.प./26-27/ 650 — मधुसूदनगढ़, दिनांक 03/06/2026

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

ऑनलाइन प्रतिशत दर बोलियां निम्नलिखित कार्य के लिए रजिस्टर्ड ठेकेदार और पंजीकरण मानदंडो को पूरा करने वाली प्रतिष्ठित फर्मों से आमंत्रित की जाती है।

| S. No | Tender No. | Name of Work | Probable amount of contract (In Lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Category of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_511790_1 | वार्ड क्रं. 15 में भोपाल रोड नन्दकिशोर सेन से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 20.07 | 15058 | 5000 | केन्द्रीयकृत 3 माह वर्षाकाल सहित |
| 2. | 2026_UAD_511791 | वार्ड क्रं. 15 में हरलाल कुशवाह के मकान से नारायण सौंधिया तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 21.31 | 15985 | 5000 | केन्द्रीयकृत 3 माह वर्षाकाल सहित |

(1) टेण्डर डाउनलोड दिनांक 01/06/2026 से वित्तीय दरें प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01.07.2026 तक
(2) निविदा में किया गया कोई भी संशोधन https://mptenders.gov.in उक्त बेवसाइट पर किया जावेगा। पृथक से कोई भी प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।
(3) कार्य से संबंधित विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

अध्यक्ष
नगर परिषद, मधुसूदनगढ जिला गुना

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, मधुसूदनगढ जिला गुना